# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 25.07.2024 को सम्पन्न 28वीं बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **प्रो0 अनिरूद्ध भालचन्द्र पंडित**<br>कुलपति<br>रसायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, मुम्बई<br>नियर खालसा कालेज, माटुंगा ईस्ट, मुम्बई–400019<br>(अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 3. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति–कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 4. | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डाइरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0, डी–5, साइट–1, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, कानपुर–208022<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |
| 5. | **प्रो0 जे0 पी0 पाण्डेय**<br>मा0कुलपति,<br>डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **डा0 अखिलेश तिवारी**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **प्रो0 योगेश एम0 जोशी,**<br>आचार्य, केमिकल इंजी0 विभाग,<br>आई0आई0टी0, कानपुर<br>(निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर द्वारा नामित) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 8. | **श्री यशवन्त सिंह,**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 9. | **डा0 मुरलीधर राम गुप्ता**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित सदस्य) | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | **श्री दिनेश कुमार**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 11. | **प्रो0 ललित कुमार**<br>अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप | विशेष आमंत्री |
| 12. | **प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक**<br>अधिष्ठाता, सत्त शिक्षा एवं आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 13. | **प्रो0 जितेन्द्र भास्कर**<br>अधिष्ठाता, इन्क्यूवेशन हब<br>एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 14. | **प्रो0 जी0एल0 देवनानी**<br>अधिष्ठाता, स्कूल आफ केमिकल टेक्नालोजी | विशेष आमंत्री |
| 15. | **प्रो0 सुधीर कुमार शर्मा,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नोक्त उपस्थित नहीं हो सके:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **श्री एम0 देवराज**<br>प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग,<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ | सदस्य |
| 2. | **श्री राहुल गोयनका**<br>आटोमोबाइल इण्डस्ट्री, डी 59/146 ए, गोयनका निवास, सिगरा, वाराणसी–201010 (शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्य परिषद द्वारा बैठक में उपस्थित एवं ऑन लाइन माध्यम से जुड़े समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए विगत में सम्पन्न बैठक दिनांक 09.03.2024 के उपरान्त विश्वविद्यालय में हुई विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराने के क्रम में परिषद सदस्यों को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के 03 विभागों का एन0बी0ए0, नई दिल्ली द्वारा एक्रीडिटेशन हेतु विश्वविद्यालय का विजिट 19–21 अप्रैल, 2024 को किये जाने के उपरान्त एक्रीडिटेशन सम्पन्न हो गया है, जिससे वर्तमान में एक्रीडिटेड विभागों की संख्या कुल 10 हो गई है। विगत शैक्षिक सत्र 2023–24 में अध्ययनरत समस्त छात्रों को परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है तथा स्पेशल कैरी ओवर परीक्षा सम्पादित की जा रही है। शोध पेपर्स एवं पेटेन्ट्स में उल्लेखनीय वृद्धि हुयी है अभी भौतिकी विभाग का एक पेपर 40 इम्पेक्ट फैक्टर के साथ nature nanotechnology journal में छपा है। विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक सत्र 2024–25 हेतु छात्रों की प्रवेश प्रक्रिया समयबद्ध रूप में प्रारम्भ कर दी गई है। विभिन्न पाठ्यक्रमों के विगत शैक्षिक सत्र 2023–24 के अन्तिम वर्ष के 583 छात्रों का सेवायोजन 115 कम्पनियों द्वारा हो चुका है। कार्य परिषद् की पिछली बैठक में अनुमोदित चयन प्रकिया के तहत चयनित

अभ्यर्थियों द्वारा योगदान आख्या प्रस्तुत की जा चुकी है। विश्वविद्यालय को सी.एस.आर. सर्टिफिकेट मिल चुका है और विश्वविद्यालय का 80जी/12ए में पंजीयन हो चुका है। कुछ पूर्व छात्रों द्वारा दान देने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी है भविष्य में आशा है कि इण्डस्ट्री से सी.एस.आर. के तहत योगदान मिलेगा। दो इण्डस्ट्रीज/एसोशिएसन मेसर्स जे.वी.एस. फूड्स और पैक्ट द्वारा सेन्टर आफ एक्सीलेन्स स्थापित तथा पाइलट प्रोजेक्ट (प्रत्येक लगभग 50 लाख के) चलाये जाने हेतु कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। विश्वविद्यालय का 6वॉ दीक्षान्त समारोह दिनांक 27 सितम्बर, 2024 को आयोजित किया जाना है जिसकी अध्यक्षता मा0 श्री राज्यपाल/कुलाधिपति महोदया, उ0प्र0 द्वारा की जायेगी। मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षान्त भाषण हेतु अध्यक्ष, अभातशिप एवं अन्य सम्मानित महानुभावों को पत्र प्रेषित किया जा रहा है। मैं विश्वविद्यालय परिवार और अपनी ओर से विश्वविद्यालय कार्य परिषद् के सभी सम्मानित सदस्यों को दीक्षान्त समारोह में प्रतिभाग हेतु आमंत्रित करता हूँ। आप सभी से अनुरोध कि दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित हो समारोह की गरिमा बढायें। विश्वविद्यालय (पूर्ववर्ती एच0बी0टी0आई0 कानपुर) की स्थापना के समय शासन द्वारा आवंटित भूमि में से कतिपय भूमि के चिन्हांकन सम्बन्धी समस्त समस्याओं के परिपेक्ष्य में कतिपय वाह्य लोगों द्वारा भूमि विभिन्न न्यायालयों में वाद योजित किये गये थे, जिसमें से कतिपय वादों में न्यायालय द्वारा विश्वविद्यालय के प्रतिकूल निर्णय हुये है जिसका प्रतिवाद विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न न्यायालयों में किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के स्वरूप को वरण करने के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न नये कोर्सेस प्रारम्भ किये गये हैं और पुराने कोर्सेस में छात्र संख्या बढाई गई है, जिससे कारण अभातशिप मानक पूर्ति हेतु 142 नये शिक्षक पदों के सृजन का अनुरोध शासन से किया गया है जो कि 4–5 माह में स्वीकृत होना सम्भावित है। पद सृजन होने के पश्चात् माह दिसम्बर 2024 में पदों को विज्ञापित कर चयन कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। विश्वविद्यालय के प्रथम परिनियम अभी नहीं बन पाये हैं इस हेतु शासन स्तर से वांछित कार्यवाही हेतु विश्वविद्यालय प्रयासरत है। विश्वविद्यालय अधिनियम में आवश्यक संशोधन शासन को प्रेषित कर दिये गये हैं इस हेतु शासन स्तर से वांछित कार्यवाही हेतु विश्वविद्यालय प्रयासरत है। इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग विभाग की बिल्डिंग जो रूसा (राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान) के अनुदान से अनुमोदित थी और पूर्ण अनुदान प्राप्त न हो सकने के कारण निमार्णाधीन अवस्था में थी। छात्रहित में बिल्डिंग के प्रयोग हेतु विश्वविद्यालय द्वारा अपनी बचतों से कार्य पूर्ण करने के लिए कार्यदायी संस्था को फण्ड अवमुक्त किया गया है। उक्त भवन को एक माह में प्रयोग हेतु पूर्ण कर लिया जाएगा और भविष्य में रूसा से अनुदान प्राप्ति पर इसे विश्वविद्यालय द्वारा अपनी बचतों से निर्गत फण्ड के सापेक्ष समायोजित कर लिया जाएगा।

मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्तानुसार प्रस्तुत प्रगति आख्या के पश्चात कार्यपरिषद के मा0 सदस्यों के सुझावानुसार कार्यपरिषद की प्रत्येक बैठक में विश्वविद्यालय के एक विभाग द्वारा उनके विभाग में उपलब्ध सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजेन्टेशन दिये जाने के क्रम में प्रो0 इन्दिरा निगम विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक टेक्नालॉजी विभाग द्वारा विभाग की प्रगति एवं भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रजेन्टेशन दिया गया।

प्रेजेन्टेशन में प्लास्टिक टेक्नालॉजी विभाग की प्रस्तुत आख्या पर कार्य परिषद् द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए निम्नोक्त सुझाव प्रदान किये गये:

1. विश्वविद्यालय स्तर पर बी0टेक0 पाठ्यक्रम हेतु 180 केडिट का कोर्स अत्यधिक है। इस पर पुर्नविचार हेतु विद्या परिषद को संदर्भित किया जाए।
2. छात्र–शिक्षक अनुपात कम है, इसमें सुधार की आवश्यकता है।
3. प्लास्टिक टेक0 विभाग में एन0ए0बी0एल0 एकेडिटेड लैब की आवश्यकता है इस हेतु अतिशीघ्र कार्यवाही प्रारम्भ की जाए।
4. विभाग के पूर्व छात्रों से विभागीय सुविधाओं के विकास हेतु प्रयास किये जाएं।
5. विश्वविद्यालय स्तर पर बी0टेक0 पाठ्यक्रम में स्किल कोर्स का माडयूल तैयार किया जाए और इसे ''नेशनल काउन्सिल फार वोकेशनल ट्रेनिंग'' से अनुमोदित करवाया जाए।

प्रस्तुतिकरण के उपरान्त 28वीं कार्य परिषद की बैठक के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

**मद सं0 28.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 09.03.2024 को सम्पन्न 27वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

कार्यपरिषद द्वारा दिनांक 09.03.2024 को सम्पन्न 27वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण किया गया।

**मद सं0 28.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 09.03.2024 को सम्पन्न 27वीं बैठक में लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

कार्य परिषद ने दिनांक 09.03.2024 को सम्पन्न 27वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया और संतोष व्यक्त किया गया।

**मद सं0 28.03 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की वित्त समिति की दिनांक 18.07.2024 को सम्पन्न 24वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने पर विचार।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की वित्त समिति की दिनांक 18.07.2024 को सम्पन्न 24वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 28.04** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 18.07.2024 को सम्पन्न 20वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 18.07.2024 को सम्पन्न 20वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 28.05** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के शिक्षको/अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु, भवन आंवटन किये जाने हेतु नियमावली पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद के सम्मुख प्रस्तुत भवन आवंटन नियमावली पर कार्य परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया और यह अपेक्षा की गयी कि यदि भविष्य में इस नियमावली में कोई परिवर्तन अपेक्षित हो तो इसके लिए कार्यपरिषद ही अधिकृत होगी।

**मद सं0 28.06** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के शिक्षको/अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु अवकाश नियमावली पर अनुमोदन प्रदान किये जाने पर विचार।**

बैठक में कार्य परिषद के समक्ष प्रस्तुत अवकाश नियमावली के सम्बन्ध में कार्यपरिषद द्वारा इस शर्त के साथ अनुमोदन प्रदान किया गया कि अवकाश के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों में दी गयी व्यवस्था के सापेक्ष विचलन की स्थितियां न उत्पन्न हों।

**मद सं0 28.07** **विश्वविद्यालय मे कार्यरत श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर एवं श्री जितेन्द्र कुमार, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, को ए0सी0पी0 का लाभ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा श्री एम0डी0 सिंह, सिस्टम मैनेजर एवं श्री जितेन्द्र कुमार, प्रोग्रामर को 16 वर्ष की अनवरत सेवा पूर्ण करने पर द्वितीय ए0सी0पी का लाभ अनुमन्य किये जाने पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 28.08** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की स्टार्टअप पॉलिसी–2020 के अन्तर्गत फैकल्टी स्टार्टअप नार्म्स के प्राविधानों के तहत शिक्षकों को उनके अनुरोध पर प्राइवेट लि0 कम्पनी स्थापित किये जाने पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने पर विचार।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के निम्नोक्त नियमित एवं स्वःवित्त पोषित पाठ्यक्रम के शिक्षकों द्वारा प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी स्थापित किये जाने पर उल्लेखित प्रतिबन्धों के साथ अपना कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया:

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Dr. Anurag Singh | Associate Professor, Food Technology Department |
| 2- | Mr. Vipul Kumar | Assistant Professor, Food Technology Department |
| 3- | Dr. Shravan Kumar | Assistant Professor, Biochemical Engg. Department |
| 4- | Dr. Lalit Kumar Singh | Professor, Biochemical Engg. Department |
| 5- | Dr. Rajkamal Kushwaha | Assistant Professor, Biochemical Engg. Department |
| 6- | Dr. Abhishek Kumar Lal | Assistant Professor, Leather Technology Department |
| 7- | Dr. Sanjiv Kumar | Professor, Electrical Engg. Department |
| 8- | Dr. Anita Yadav | Professor, Computer Science & Engg. Department |
| 9- | Dr. Bharat Bhushan Sagar | Associate Professor, Computer Science & Engg. Department |
| 10- | Dr. Rashi Agrawal | Associate Professor, Computer Science & Engg. Department |
| 11- | Dr. Imran Khan | Assistant Professor, Computer Science & Engg. Department |
| 12- | Dr. Ashwani Kumar Rathore | Professor, Chemical Engg. Department |
| 13- | Dr. S.K.S.Yadav | Professor, Mechanical Engg. Department |
| 14- | Dr. Jitendra Bhaskar | Professor, Mechanical Engg. Department |
| 15- | Dr. Abhishek Kumar Gupta | Associate Professor, Physics Department |
| 16- | Dr. Krishna Kant Bhartiy | Assistant Professor, Department of Management Studies |
| 17- | Dr. Suchita Shukla | Assistant Professor, Department of Management Studies |
| 18- | Dr. Reetu Singh | Assistant Professor, Department of Management Studies |

**मद सं0 28.09** **विश्वविद्यालय के लेदर टेक0 विभाग की डा0 ऋचा तोमर, सहायक आचार्य को उच्च शिक्षा हेतु बेल्जियम विदेश जाने हेतु वेतनरहित अवकाश उपरान्त कार्यभार न ग्रहण करने पर पद को रिक्त घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा डा0 ऋचा तोमर, सहायक आचार्य, लेदर टेक0 विभाग के पद को रिक्त घोषित किये जाने की कार्यवाही पर अपना अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 28.10** **विश्वविद्यालय के नव–निर्मित 300 सीटेट क्षमता वाले आडिटोरियम का किराया निर्धारण के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण में स्थित 300 सीटेड नवनिर्मित सभागार का किराया रू0 50000/ + जी0एस0टी0 प्रतिदिन, विश्वविद्यालय के अन्य सभागारों हेतु निर्धारित नियमों एवं प्रतिबन्धों सहित निर्धारित करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 28.11** **डा0 विनय कुमार पाठक, प्रोफेसर, कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग एवं सम्प्रति कुलपति, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर द्वारा मा0 कुलाधिपति के आदेश के क्रम में छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर में कुलपति पद पर पुर्ननियुक्ति सम्बन्धी सूचना से परिषद को अवगत कराये जाने के साथ–साथ कार्येत्तर अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद ने डा0 विनय कुमार पाठक, आचार्य कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग सम्प्रति कुलपति, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की कुलाधिपति महोदया के आदेश संख्या ई–2478/जी0एस0 दिनांक 10 अप्रैल, 2024 के माध्यम से 06 माह अथवा अग्रिम आदेशों तक कार्यकाल विस्तार एवं तदुपरान्त आदेश संख्या ई–4967/जी0एस0 दिनांक 04 जुलाई, 2024 के माध्यम से तीन वर्ष हेतु कुलपति पद पर नियुक्ति को संज्ञान में लिया। कार्य परिषद द्वारा एक मत से प्रसन्नता व्यक्त की गयी साथ ही डा0 पाठक को पूर्व की निरन्तरता में दिनांक 11/04/2024 के अपरान्ह से 03 जुलाई, 2024 तक तथा 04 जुलाई, 2024 से 03 वर्ष की अवधि तक प्रतिनियुक्ति के आधार पर धारणाधिकार सहित कार्य करने पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया। कार्य परिषद द्वारा यह भी निर्देश प्रदान किये गये कि डा0 पाठक द्वारा अपनी कटौतियां नियमानुसार विश्वविद्यालय कोष में जमा की जायेंगी।

**मद सं0 28.12** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय अधिनियम 2016 के कियान्वयन में सुगमता के दृष्टिगत अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन एवं प्रथम परिनियमों की ड्राफ्ट कॉपी शासन को प्रेषित किये जाने से संज्ञानित कराये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय अधिनियम 2016 में प्रस्तावित संशोधनों एवं प्रथम परिनियमों की ड्राफ्ट कॉपी को शासन को भेजे जाने की कार्यवाही का संज्ञान लिया और समग्र कार्यवाही पर अपना कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 28.13** **विश्वविद्यालय के रसायन विभाग में नवनियुक्त डा0 राम कुमार तित्तल, आचार्य द्वारा त्यागपत्र दिये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद द्वारा डा0 राम कुमार तित्तल, आचार्य, रसायन विभाग के पारिवारिक कारणों से पैतृक संस्थान में पुनः कार्यभार ग्रहण किये जाने हेतु

पद से त्यागपत्र देने एवं विश्वविद्यालय द्वारा उन्हें कार्यमुक्त किये जाने की कार्यवाही को संज्ञान में लिया और कृत कार्यवाही पर अपना कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 28.14** **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर के नवनियुक्त शिक्षकों के स्थाईकरण सम्बन्धी प्रकरणों पर विचार।**

कार्यपरिषद के सम्मुख निम्न शिक्षकों के स्थायीकरण के प्रस्ताव प्रस्तुत किये गये:

| कमांक | शिक्षक का नाम, पदनाम एवं विभाग | पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि | परिवीक्षण काल पूर्ण होने की तिथि | स्थाईकरण की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डा0 दान बहादुर पाल, सहायक आचार्य, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग | 10/06/2022 | 09/06/2024 | 10/06/2024 |
| 2 | डा0 एस0वी0ए0आर0 शास्त्री, सह आचार्य, केमिकल इंजीनियरिंग तिभाग | 10/06/2022 | 09/06/2024 | 10/06/2024 |
| 3 | डा0 प्रणव चौधरी, सहायक आचार्य, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग | 10/06/2022 | 09/06/2024 | 10/06/2024 |
| 4 | डा0 अंजली अवस्थी, सहायक आचार्य, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग | 10/06/2022 | 09/06/2024 | 10/06/2024 |
| 5 | डा0 बिनीता सिंह, सहायक आचार्य, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग | 10/06/2022 | 09/06/2024 | 10/06/2024 |
| 6 | डा0 जीनत आरिफ, सहायक आचार्य, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग | 10/06/2022 | 09/06/2024 | 10/06/2024 |
| 7 | डा0 आदर्श कुमार आर्य, सह आचार्य, केमिकल इंजीनियरिंग विभाग | 21/06/2022 | 20/06/2024 | 21/06/2024 |
| 8 | डा0 सन्तोष कुमार, सह आचार्य, रसायन विभाग | 13/06/2022 | 12/06/2024 | 13/06/2024 |
| 9 | डा0 शैली पाल, सहायक आचार्य, रसायन विभाग | 20/06/2022 | 19/06/2024 | 20/06/2024 |
| 10 | डा0 चन्द्रभान विश्वकर्मा, सह आचार्य, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग | 28/06/2022 | 27/06/2024 | 28/06/2024 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | डा0 अफरोज आलम,<br>सहायक आचार्य,<br>इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग | 10/06/2022 | 09/06/2024 | 10/06/2024 |
| 12 | डा0 अनुराग सिंह,<br>सह आचार्य,<br>फूड टेक्नालॉजी विभाग | 22/06/2022 | 21/06/2024 | 22/06/2024 |
| 13 | श्री विपुल कुमार,<br>सहायक आचार्य,<br>फूड टेक्नालॉजी विभाग | 27/06/2022 | 26/06/2024 | 27/06/2024 |
| 14 | डा0 अभिषेक कुमार लाल,<br>सहायक आचार्य,<br>लेदर टेक्नालॉजी विभाग | 10/06/2022 | 09/06/2024 | 10/06/2024 |
| 15 | डा0 उदय प्रताप सिंह,<br>सह आचार्य, गणित विभाग | 17/06/2022 | 16/06/2024 | 17/06/2024 |
| 16 | डा0 शिवम श्रीवास्तव,<br>सहायक आचार्य, गणित विभाग | 20/06/2022 | 19/06/2024 | 20/06/2024 |
| 17 | डा0 निशान्त कुमार सिंह,<br>सह आचार्य,<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग | 09/06/2022 | 08/06/2024 | 09/06/2024 |
| 18 | डा0 ऋषिकान्त,<br>सहायक आचार्य,<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग | 10/06/2022 | 09/06/2024 | 10/06/2024 |
| 19 | डा0 वीरेन्द्र कुमार,<br>सहायक आचार्य,<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग | 10/06/2022 | 09/06/2024 | 10/06/2024 |
| 20 | डा0 गौरव सैनी,<br>सहायक आचार्य,<br>मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग | 15/06/2022 | 14/06/2024 | 15/06/2024 |
| 21 | डा0 विनीता गौतम,<br>सहायक आचार्य,<br>ऑयल टेक्नॉलोजी विभाग | 09/06/2022 | 08/06/2024 | 09/06/2024 |
| 22 | श्री गौरव सिंह,<br>सहायक आचार्य,<br>ऑयल टेक्नॉलोजी विभाग | 10/06/2022 | 09/06/2024 | 10/06/2024 |
| 23 | डा0 दिव्या सोमवंशी,<br>सहायक आचार्य,भौतिकी विभाग | 17/06/2022 | 16/06/2024 | 17/06/2024 |
| 24 | डा0 ब्रज भूषण सिंह,<br>सहायक आचार्य,<br>भौतिकी विभाग | 05/07/2022 | 04/07/2024 | 05/07/2024 |
| 25 | डा0 सोमा बनर्जी,<br>सहायक आचार्य,<br>प्लास्टिक टेक0 विभाग | 09/06/2022 | 08/06/2024 | 09/06/2024 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 26 | डा0 राधा सचान,<br>सहायक आचार्य,<br>पेन्ट टेक0 विभाग | 14/06/2022 | 13/06/2024 | 14/06/2024 |
| 27 | डा0 राज कमल कुशवाहा,<br>सहायक आचार्य,<br>बायोकेमिकल इंजी0 विभाग | 13/07/2022 | 12/07/2024 | 13/07/2024 |
| 28 | श्रीमती रोमा अग्रहरि,<br>सहायक आचार्य,<br>बायोकेमिकल इंजी0 विभाग | 20/07/2022 | 19/07/2024 | 20/07/2024 |
| 29 | डा0 राशि अग्रवाल,<br>सह आचार्य, कम्प्यूटर सांइस<br>एण्ड इंजी0 विभाग | 12/07/2022 | 11/07/2024 | 12/07/2024 |
| 30 | डा0 इमरान खान,<br>सहायक आचार्य,<br>एम0सी0ए0 विभाग | 20/07/2022 | 19/07/2024 | 20/07/2024 |

कार्यपरिषद के सम्मुख प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्यपरिषद द्वारा उपरोक्त सारिणी में अंकित शिक्षकों को उनके नाम के सम्मुख इंगित स्थायीकरण की तिथि से स्थायी घोषित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 28.15 उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परिधि में आने वाले पदों हेतु अधियाचन प्रेषित किये जाने के लिए संबंधित पदों की सेवा नियमावली के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्यालय के समूह ग के ग्रेड पे 1900 से ग्रेड पे 4200 तक के रिक्त पदों पर चयन हेतु ए0के0टी0यू0 लखनऊ द्वारा तैयार की गयी विभिन्न पदों की ड्राफ्ट सेवा नियमावली पर अध्यक्ष कार्यपरिषद की प्रेषित सहमति से कार्य परिषद अवगत हुयी तथा उक्त पर अपना कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

कार्यपरिषद द्वारा यह भी अपेक्षा की गयी कि कुलसचिव इस प्रकरण में ए0के0टी0यू0, लखनऊ से समन्वय स्थापित कर यथासम्भव शीघ्र इस दिशा में फलदायी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**मद सं0 28.16 विश्वविद्यालय के नियमित शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति की सुविधा की अनुमन्यता के सम्बन्ध में।**

कार्य परिषद द्वारा निर्देश प्रदान किये गये कि तत्कालीन एच0बी0टी0आई0 एवं वर्तमान एच0बी0टी0यू0 में पूर्व से विद्यमान व्यवस्थानुसार ही चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों का निस्तारण किया जाए एवं उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) (प्रथम संशोधन) नियमावली 2014 में,

विश्वविद्यालय होने के कारण नियम 13 के अनुसार मूल नियम 20 में निम्नोक्तानुसार संशोधन की अनुमति दीः

| **दावे की धनराशि** | **स्वीकृता अधिकारी** |
|---|---|
| रू0 10,00,000/— तक | कुलपति |
| रू0 10,00,000/— से अधिक परन्तु अधिकतम रू0 30,00,000 की सीमा तक | वित्त समिति के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्ताव पर कार्य परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा सकेगी। |

इसके साथ ही कार्य परिषद द्वारा यह भी सुझाव दिया गया कि कुलसचिव चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों के भुगतान हेतु ए0के0टी0यू0, लखनऊ में प्रचलित व्यवस्था का भी अध्ययन कर लें एवं यदि आवश्यक हों तो, ए0के0टी0यू0 व्यवस्था के अनुरूप व्यवस्था अपनाये जाने हेतु कार्यपरिषद की अगली बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत करें।

**मद सं0 28.17** **डा0 नीरज कुमार सिंह, पूर्व कुलसचिव एच0बी0टी0यू0, कानपुर एवं प्रोफेसर (आई0बी0एम0 विभाग), छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के अन्तर्गत वेतन निर्धारण के सम्बन्ध में।**

विश्वविद्याल में डा0 नीरज कुमार सिंह की कुलसचिव के पद की कार्यावधि का वेतन निर्धारण/संरक्षण का लाभ प्रदान किये जाने की कार्यवाही से कार्य परिषद संज्ञानित हुयी।

**मद सं0 28.18** **विश्वविद्यालय के समूह ग एवं घ के कर्मचारियों को सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (ए0सी0पी0) प्रदान किये जाने की सूचना।**

विश्वविद्यालय के 46 समूह ग एवं 34 समूह घ के कर्मियों को सुनिश्चित कैरियर प्रोन्नयन (ए0सी0पी0) का लाभ प्रदान किये जाने की कार्यवाही से कार्यपरिषद संज्ञानित हुई एवं संतोष व्यक्त किया गया।

**मद सं0 28.19** **स्व0 श्री अनिल कुमार प्रसाद, पूर्व फोरमैन के पुत्र श्री अनुज श्रीवास्तव को मृतक आश्रित के रूप में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त किये जाने की सूचना।**

कार्य परिषद श्री अनुज श्रीवास्तव की विश्वविद्यालय में अनुकम्पा नियुक्ति से संज्ञानित हुयी और इस पर अपना कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद सं0 28.20** **विश्वविद्यालय के शिक्षकों के अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने की सूचना।**

डा0 प्रदीप कुमार, आचार्य तथा डा0 सुनील कुमार, आचार्य की सेवानिवृत्ति से कार्यपरिषद संज्ञानित हुयी और उनकी सराहनीय सेवाओं हेतु उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

**मद सं0 28.21** **डा0 समशेर, कुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलाधिपति महोदया के आदेशों के क्रम में कुलपति पद के दायित्व निर्वहन का विस्तार एवं तदुपरान्त 03 वर्ष की अवधि हेतु कुलपति पद पर नियुक्ति सम्बन्धी सूचना से परिषद को अवगत कराये जाने के सम्बन्ध में।**

मा0 कुलाधिपति महोदया के आदेश संख्या ई–2761/2024 दिनांक 18 अप्रैल, 2024 के माध्यम से नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक अथवा अग्रिम आदेशों तक, जो भी पहले हो, तक के लिए प्रो0 समशेर के कुलपति के रूप में कार्यकाल विस्तार तदुपरान्त कुलाधिपति महोदया के आदेश संख्या ई–4104/जी0एस0 दिनांक 05 जून, 2024 के माध्यम से प्रो0 समशेर की तीन वर्ष की अवधि हेतु हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्ति से एवं तद्क्रम में प्रो0 समशेर द्वारा दिनांक 05.06.2024 की पूर्वान्ह को कुलपति का पदभार ग्रहण करने की स्थिति से कार्यपरिषद संज्ञानित हुयी और एक मत से बधाई देते हुए प्रसन्नता व्यक्त की गयी साथ ही कुलाधिपति महोदया के निणर्य का स्वागत किया गया।

**मद सं0 28.22** **मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य मद पर विचार।**

इस मद के अन्तर्गत कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया और बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुयी।

**(प्रो0 एस0के0 शर्मा)**
सदस्य–सचिव

**कार्यालय – कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर– 208002**

संख्याः517/अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0–28वीं कार्यवृत्त/2024 दिनांकः 25/07/2024

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

सदस्य–सचिव